पत्रांक – 912 /

**बिहार सरकार**
**शिक्षा विभाग**
**बिहार राज्य मध्याह्न भोजन योजना समिति**

प्रेषक :

संजीवन सिन्हा
निदेशक,
मध्याह्न भोजन योजना,
बिहार, पटना।

सेवा में,

सभी जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
मध्याह्न भोजन योजना,
बिहार,

पटना, दिनांक 30/6/15

विषयः– बरसात के मौसम में मध्याह्न भोजन योजना का विशेष पर्यवेक्षण/निरीक्षण अभियान के संबंध में।

महाशय,

जैसा कि दिनांक 26.06.2015 को आयोजित राज्यस्तरीय बैठक में विस्तृत विमर्श किया गया था, ग्रीष्मावकाश के बाद विद्यालय खुलने एवं बरसात के मौसम के कारण विद्यालयों के किचेन में साफ–सफाई सुनिश्चित किया जाना अति आवश्यक है।

अतः एक अभियान के रूप में विद्यालयों का अधिकाधिक निरीक्षण सुनिश्चित किया जाए। यह निरीक्षण अभियान निम्न रूप से संचालित होगा :–

1. सभी प्रखंड साधन सेवियों एवं जिला साधन सेवियों को टैबलेट उपलब्ध करा दिये गये हैं। MIS के Inspection Module के अंतर्गत सभी टैबलेट पर Programme Install कराया जा चुका है। जिसका Programme ठीक से नहीं चल रहा है, वे MIS के Website पर जाकर इसे खुद Install कर सकते हैं। असुविधा की स्थिति में श्री दिग्विजय कुमार, मोबाईल नम्बर – 7808320006 या श्री संजीव शंकर, मोबाईल नम्बर – 9473191309 पर सीधे सम्पर्क किया जा सकता है। सभी कर्मी अपने टैबलेट पर Inspection Module को Install किया जाना सुनिश्चित करेंगे।
2. ये सभी कर्मी अधिकाधिक विद्यालयों का निरीक्षण पूरा करेंगे और विशेष कर किचेन की साफ–सफाई सुनिश्चित करेंगे। निरीक्षण किये गये किचेन का Tablet से लिया गया Photograph MIS के Website पर अपलोड भी करेंगे।
3. निरीक्षण के दौरान जहाँ कहीं भी साफ–सफाई मे कमी पायी गई तो संबंधित कर्मी/अधिकारी वहाँ रूककर अपनी उपस्थिति में साफ–सफाई किया जाना सुनिश्चित करेंगे। इन मामलों में साफ–सफाई के पहले एवं साफ–सफाई के बाद का Tablet से लिया गया Photograph MIS के Website पर अपलोड करेंगे।
4. कर्मियों/अधिकारियों द्वारा किया गया निरीक्षण का साप्ताहिक विवरणी सभी जिला पदाधिकारियों एवं जिला शिक्षा पदाधिकारियों को उनके सरकारी email Id पर भेजा जाएगा।

5. बच्चों की सुरक्षा की ध्यान में रखते हुए किचेन निरीक्षण अभियान को सफल बनाने हेतु सारे प्रयास किये जायें। जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, मध्याह्न भोजन योजना का यह दायित्व होगा कि Tablet आधारित निरीक्षण को लागू करने में यदि कोई कठिनाई हो तो अपने स्तर से या मध्याह्न भोजन योजना निदेशालय से सम्पर्क कर त्वरित समाधान करायें।

6. इस अभियान के दौरान निरीक्षण को Tablet आधारित ही होना आवश्यक है।

विश्वासभाजन

(संजीवन सिन्हा)
निदेशक,
मध्याह्न भोजन योजना,
बिहार, पटना।